STEPPING STONE SCHOOL (HIGH)

Class IV

Subject- 2nd Language Hindi

Date- 15.6.2020

Worksheet no.- 20

Time limit-30 minute

बच्चों आप लोगों को वचन भेजा जा रहा उसे आप लोग ध्यान से पढ़ें और समझने की कोशिश करें। पुनः भेजे जा रहे एकवचन और बहुवचन को कागज के पृष्ठ पर उतारे और याद करें ।

7. वचन

आइए जानें



एक केला

अनेक केले



एक टॉफी

अनेक टॉफियाँ

एक ताला



अनेक ताले

उपर्युक्त चित्रों को ध्यान से देखिए। इन चित्रों में केला, टॉफी और ताला आदि शब्द संख्या में एक होने का बोध करा रहे हैं। अनेक केले, अनेक टॉफी, अनेक ताले संख्या में एक से अधिक होने का बोध करा रहे हैं। इन्हें **'वचन'** कहते हैं।

> शब्द के जिस रूप से उसके एक या अनेक होने का पता चलता हो, उसे 'वचन' कहते हैं।

वचन के दो भेद होते हैं-

1. एकवचन
2. बहुवचन

एकवचन– शब्द के जिस रूप से एक वस्तु का बोध होता हो, उसे एकवचन कहते हैं। जैसे- टोपी, बंदर, मोर आदि।

बहुवचन– शब्द के जिस रूप से अनेक वस्तुओं का बोध होता हो, उसे बहुवचन कहते हैं। जैसे- स्त्रियाँ, पुस्तकें, बेटे आदि।

वचन के बदलने से संज्ञा और क्रिया का रूप बदल जाता है। जैसे–

पेड़ पर कोयल बैठी है।



पेड़ पर तीन कोयल बैठी हैं।

जंगल में शेर रहता है।

जंगल में चार शेर रहते हैं।

बड़ों या आदरणीय व्यक्तियों के लिए बहुवचन का प्रयोग किया जाता है। जैसे– मेरी माता जी अध्यापिका हैं।

एकवचन	-	बहुवचन
आँख	-	आँखें
पुस्तक	-	पुस्तकें
बात	-	बातें
कौआ	-	कौए
बेटा	-	बेटे
अध्यापिका	-	अध्यापिकाएँ
माता	-	माताएँ
लता	-	लताएँ
गति	-	गतियाँ
नीति	-	नीतियाँ
लड़की	-	लड़कियाँ
नारी	-	नारियाँ
धातु	-	धातुएँ

एकवचन	-	बहुवचन
बहन	-	बहनें
सड़क	-	सड़कें
घोड़ा	-	घोड़े
केला	-	केले
कन्या	-	कन्याएँ
कला	-	कलाएँ
कविता	-	कविताएँ
चाबी	-	चाबियाँ
कली	-	कलियाँ
कॉपी	-	कॉपियाँ
थाली	-	थालियाँ
वस्तु	-	वस्तुएँ
मटका	-	मटके

एकवचन	बहुवचन
क्षमा	क्षमा
जल	जल
गिरि	गिरि
राजा	राजा

एकवचन	बहुवचन
नेता	नेता
प्रेम	प्रेम
क्रोध	क्रोध
पानी	पानी